ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-08-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-13	2022-08-14	2022-08-15	2022-08-16	2022-08-17
वर्षा (मिमी)	21.0	20.0	7.0	17.0	44.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	35.0	30.0	30.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	26.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	74	74	71	83
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	54	51	51	52
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	18.0	21.0	14.0	11.0	17.0
पवन दिशा (डिग्री)	186	218	223	124	212
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	8	7	7	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी पांच दिनों तक वर्षा की सम्भावना को देखते हुए फसलों में पौध रसायनों का छिडकाव स्थगित करें तथा फसलों में जल निकास की व्यवस्था करें।

लघु संदेश सलाहकार:

बाजरा की 3-4 सप्ताह की फसल में नत्रजन उर्वरक की शेष मात्रा बरसात के दिन दें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की फसल में पीतशिरा मोजेक रोग का प्रकोप दिखाई देने पर डाइमिथोएट 30 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टयर की दर से छिडकाव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।
बाजरा	बाजरा में फाल आर्मी वर्म कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये क्लोरेन्ट्रेनिलिप्रोल 18.5 एस.सी. 1 ग्राम प्रति 03 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	ग्वार की फसल में रस चुसने वाले कीड़ो के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. का 200 मिली लीटर प्रति हेक्टर की दर से छिडकाव करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की फसल मे रस चूसने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पालतू जानवरों को सीधी वर्षा से बचाव के समुचित उपाय करें एवं उनके रहने के स्थल पर पानी इकट्ठा न होने दें तथा बिछावन को सुखा रखें।